हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 19 जुलाई 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

2 नेशनल हाईवे में ट्रक ड्रायवरों से लूटपाट कर चाकू से हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### परीक्षार्थियों को हाफ बांह के कपड़े और दो घंटे पूर्व पहुंचना अनिवार्य

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में व्यावसायिक परीक्षा मंडल के आगामी परीक्षा के आयोजन संबंध में पुलिस नोडल अधिकारी तथा जिला समन्वयक के मास्टर ट्रेनर्स की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित का आयोजित किया गया। डिप्टी कलेक्टर शशि चौधरी ने बताया कि अब व्यापम के परीक्षार्थियों को फूल बांह के कपड़े और जूते में आने पर पाबंदी रहेगी। साथ ही परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में दो घंटे पूर्व आना अनिवार्य होगा। व्यापम द्वारा 20 जुलाई से आयोजित होने वाली परीक्षाओं में परीक्षा केन्द्र में प्रवेश के पूर्व अभ्यर्थियों के हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर से फ्रिस्किंग की जाएगी। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घडी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट, टोपी आदि ले जाना पूर्णतः वर्जित रहेगा।

### जवाहर नवोदय चयन परीक्षा आनलाइन आवेदन 29 तक

**जांजगीर-चांपा।** जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित जवाहर नवोदय चयन परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 29 जुलाई तक आमंत्रित किए गए हैं। प्राचार्य, पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा ने बताया कि चयन परीक्षा 13 दिसंबर को प्रातः 11.30 बजे आयोजित की जाएगी। जिले के किसी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूल में कक्षा 5वीं में 31 जुलाई से पहले तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत हैं।

### खत्म नहीं हो रहा खाद का टेंशन, विभाग के साथ प्रशासन दे रहा एनपीके व एसएसपी का ऑप्शन

# सोसायटियों में किल्लत, बाजार में दो हजार तक बिक रहा डीएपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले में इस बार खाद की किल्लत ने किसानों को परेशानी में डाल दिया है। खास करके डीएपी की अनुपलब्धता को लेकर किसान सर्वाधिक परेशान है। खास बात यह है कि आवक कम बताकर सोसायटियों में जहां डीएपी का स्टाक खत्म बताया जा रहा है और समिति से लेकर जिला तक के अधिकारी एनपीके और एसएसपी खाद का ऑप्शन दे रहे है। वहीं दूसरी ओर व्यापारियों के पास डीएपी का ही पर्याप्त स्टाक है, बशर्ते सोसायटी में 1350 में मिलने वाले इस खाद की कीमत बाजार में 19 सौ से 2 हजार तक जा पहुंची है।

गौरतलब है कि जिले के किसान खरीफ फसल की बोआई और रोपाई के काम में व्यस्त है। इसके साथ ही खुर्रा बोनी करने वाले किसानों की फसल खाद डालने की स्थिति में आ पहुंची है। ऐसे समय में किसानों को डीएपी खाद की सर्वाधिक आवश्यकता हो रही है, लेकिन जिले की सहकारी समितियों में डीएपी खाद की किल्लत शुरू से लेकर अब तक बनी हुई है। तमाम रैक लगने के बावजूद सोसायटियों में किसानों को डीएपी खाद नहीं होने का ही जवाब मिलता है। इतना ही नहीं जिला प्रशासन से लेकर कृषि विभाग और विपणन संघ तथा सहकारी समिति का अमला भी डीएपी की कमी बताकर किसानों को एनपीके और एसएसपी खाद का ऑप्शन दे रहा है, लेकिन इन सबके बीच खुले बाजार में देखा जाए तो डीएपी खाद की कही कोई कमी नहीं है। किसानों के मुताबिक जिला मुख्यालय जांजगीर और चांपा ही नहीं अकलतरा, पामगढ, शिवरीनारायण, बलौदा और बम्हनीडीह ब्लाक मुख्यालयों के अलावा गांव देहात में विक्रेताओं के पास डीएपी खाद का स्टाफ रखा गया है। यह बात अलग है कि सोसायटी में 1350 रुपए में मिलने वाले डीएपी खाद इन विक्रेताओं के यहां 18 सौ से 2 हजार रुपए तक प्रति बोरी की दर पर बिक रहा है। कुल मिलाकर कारण चाहे जो भी हो लेकिन सेवा सहकारी समितियों में जहां डीएपी खाद की किल्लत शुरू से अभी तक बनी हुई है और जिम्मेदार अमला डीएपी की जगह एनपीके और एसएसपी तथा मोप का ऑप्शन दे रहा है। वहीं खुले बाजार में डीएपी की कही कोई कमी नहीं है और वे किसानों से प्रति बोरी 5 से 7 सौ तक अतिरिक्त राशि वसूल रहे है।



गोदाम में रखी खाद की बोरियां।

### सरकार नहीं दे रही ध्यान

सोसायटियों में डीएपी की किल्लत और व्यापारियों के पास औने पौने दामों में डीएपी की बिक्री को लेकर प्रशासन के साथ सरकार भी ध्यान नहीं दे रही है। इस मुद्दे को सदन में भी उठाए थे। जरूरत पड़ने पर किसान हित में आंदोलन भी करेंगे।

**-ब्यास कश्यप,** विधायक, जांजगीर-चांपा

### डीएपी की कमी

डिमांड के अनुरूप डीएपी नहीं मिल पा रहा है। पहले हमें 70-30 फिर 80-20 के अनुपात में मिला। इस बार 2 सौ टन का रैक पूरा मिला है। डिमांड अनुसार सोसायटियों में भेज रहे है।

**-राहुल अंडरकर,** डीएमओ, जांजगीर

# ठेकेदार की हत्या करने वाले दो आरोपी 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार

## सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

ठेकेदार प्रतिस्पर्धा के चलते ठेकेदार की हत्या करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों द्वारा ठेकेदार की हत्या करना स्वीकार किया। घटना सारागांव थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद का है।

इस संबंध में सारागांव पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 17 जुलाई को थाना सारागांव को सूचना मिली कि ग्राम कमरीद निवासी कीर्तन गबेल के नव निर्मित मकान में वहां किराये से रहने वाले 62 वर्षीय प्रेमलाल पाण्डेय निवासी बीरसिंगपुर जिला शहडोल (म.प्र.) का शव फांसी के फंदे में झुलते मिलने की खबर प्राप्त होने पर थाना सारागांव पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर शव का निरीक्षण कर जांच पंचनामा कार्यवाही में लिया गया। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में मर्ग प्रकरण की जांच को गंभीरता से लेते हुए थाना सारागांव पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया मृत्यु संदेहास्पद होने से घटना की सूचना से जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रकरण में हत्या की आशंका होने से प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के द्वारा मामले की जांच एवं अज्ञात आरोपी की ततकाल पतासाजी एवं अविलंब गिरफ्तारी हेतु जिला सायबर सेल की टीम को आदेशित करने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के कुशल मार्गदर्शन में तथा एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में सायबर सेल मौके पर पहुंचकर थाना सारागांव प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर घटना स्थल निरीक्षण एवं मृतक से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलु को बारिकी से निरीक्षण एवं तकनीकी जानकारी एकत्र कर आरोपी भीष्मनारायण उर्फ राहुल एवं हेमराज पटेल दोनों को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में बारिकी से पुछताछ करने पर गोलमोल जवाब देने पर थाना सारागांव एवं सायबर पुलिस द्वारा कड़ाई से पुछताछ करने पर घटना के संबंध में बताया कि प्रेमलाल पाण्डेय द्वारा ठेकेदारी कार्य के प्रतिस्पर्धा एवं वर्चस्व बनाने के लिये आये दिन मारने की धमकी देकर गाली गलौच करता था तथा द्वारा घटना के एक दिन पहले जान से मारने की धमकी दिया था। जिस कारण 16 जुलाई की रात्रि में योजनाबद्ध तरीके से एक राय होकर राहुल के बाइक से उसके किराये के घर से एक कि.मी. दूर अपने वाहन को खडा कर पैदल - पैदल घर कमरे में गये। जहां प्रेमलाल के गले में बंधे रस्सी को झटके से खींचने पर मृतक पलंग से नीचे गिर गया, दोनो आरोपीयो द्वारा पुलिस से बचने के लिये हत्या को आत्महत्या का स्वरूप देने के लिए कमरे के सीढी में रस्सी बांधकर मृतक को फांसी से टांग दिये बताया। तत्पश्चात आरोपियों की विधिवत मेमोरेण्डम कथन लेकर मामले में गिरफ्तारी की जाकर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही में निरीक्षक सावन सारथी थाना प्रभारी सारागांव, निरीक्षक सागर पाठक साइबर सेल प्रभारी, साइबर टीम सउनि विवेक सिंह, प्र.आर. मनोज तिग्गा, सहबाज खान, गिरीस कश्यप, प्रदीप दुबे, माखन साहू, श्रीकांत सिंह थाना सारागांव से सउनि. केके कोसले, राजेश सिंह का सराहनीय योगदान रहा।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# पुलिस कैंप में लगे स्वास्थ्य शिविर का 3 सौ लोगों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर पुलिस कप्तान के निर्देशन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 3 सौ से अधिक लोगों ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, हड्डी रोग, रक्तचाप, मधुमेह, सहित अन्य जरूरी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई।

- पुलिस, वनकर्मी, नगर सेना, जेल कर्मी व परिजन हुए शामिल

ज्ञात हो कि शुक्रवार 18 जुलाई को पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार पुलिस लाइन में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य की समय-समय पर जांच कर उन्हें बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना उन्हें फिट रहकर अधिक कार्य छमता के साथ जनता के लिए काम करने के लिए के साथ ही उनके स्वास्थ्य का भी ध्यान रखना था। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, हड्डी रोग, रक्तचाप, मधुमेह, सहित अन्य जरूरी चिकित्सा सेवाएं प्रदान की गई। यह शिविर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमें अनुभवी चिकित्सकों की टीम द्वारा परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर मे 300 पुलिसकर्मी वनकर्मी नगरसेना जेलकर्मी एवं उनके परिजनों ने स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ लिया। इस शिविर में जिले की पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा भी सम्मिलित हुई। पुलिस अधीक्षक द्वारा इस पहल को भविष्य में भी जारी रखने का आश्वासन दिया गया, ताकि बल की कार्यक्षमता के साथ-साथ उनके परिवार की सेहत भी सुरक्षित रखी जा सके। चिकित्सा शिविर के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सक्ती हरीश यादव, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्रीमती अंजली गुप्ता, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती मनीष कुंवर व चंद्रपुर सुमित गुप्ता एवं रक्षित निरीक्षक उमेश कुमार राय सहित जिले के पुलिस अधिकारी व कर्मचारी एवं थाना चौकी के स्टाफ रहे।



स्वास्थ्य शिविर का जायजा लेने पहुंची पुलिस अधीक्षक।

### समय पर शाला नहीं पहुंचने वाले प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस

**बिर्रा।** समय पर स्कूल नहीं पहुंचने वाले प्रधान पाठक को बीईओ ने नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। मामला प्राथमिक शाला करही का है। शिक्षा विभाग के नया समय सारणी के अनुसार प्रत्येक स्कूलों में शिक्षकों को 9:45 बजे स्कूल पहुंचना है और स्कूल में उपस्थित बच्चों को प्रार्थना कराना है। इसके बाद 10 बजे से पढ़ाई का शुभारंभ करना है। लेकिन शासकीय प्राथमिक शाला करही में यहां के प्रधान पाठक रमेश कुमार शुक्ला 10:30 बजे स्कूल पहुंच रहा है। शासकीय प्राथमिक शाला करही में कुल दो स्टाफ पदस्थ है, लेकिन 16 जुलाई बुधवार को सुबह 10 बजे स्कूल का जायजा लेने पहुंचे तो यहां पर एक शिक्षिका और सफाई कर्मचारी के अलावा स्कूल में 30 बच्चे उपस्थित मिले। यहां पर पहली से लेकर पांचवी तक की पांच कक्षाएं संचालित है। जिसमें से कुल दर्ज संख्या 34 बताया गया है। 10:30 तक यहां के प्रधान पाठक रमेश कुमार शुक्ला स्कूल नहीं पहुंचा था। प्रत्येक दिन यहां पर पदस्थ प्रधान पाठक 10:30 बजे के बाद ही रोजाना स्कूल पहुंचते है। इस मामले को लेकर जैजैपुर बीईओ ने प्रधान पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा है।

# जमीन विवाद को लेकर महिला पर प्राणघातक हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

जमीन विवाद को लेकर महिला पर प्राण घातक हमला करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना नवागढ़ थाना अंतर्गत ग्राम भैंसदा का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार भैंसदा निवासी प्रार्थी दोहर दास निवासी भैंसदा थाना नवागढ़ के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज किराया की 16 जुलाई को यह अपने ससुराल डूडगा से जांजगीर गया था। इसी दौरान 16 जुलाई की रात्रि 11 बजे इसका बड़ा भाई गिरधरलाल सूर्यवंशी फोन कर बताया कि गांव का हीरेंद्र तरुण घर अंदर घुस कर तेरी भाभी को फरसे से मार दिया है। खबर सुनते ही अपने दोस्त नागेंद्र के साथ पहुंचा घर से खून से लतपथ हालात में इसकी भाभी को ईलाज कराने के लिए लेकर जा रहे थे। इसी दौरान 16 जुलाई की रात्रि करीबन 9-10 बजे के बीच गांव का हीरेंद्र घर आकर दरवाजा खट खटाने लगा दरवाजा खोलने पर हिरेंद्र अपने हाथ में लोहे के फरसा रखा हुआ था और बोल रहा था कि 33 डिसमिल जमीन नहीं बेचे हो किसी और को बेच दिए हो और जान से मारने की धमकी देने लगा। इसी दौरान भाभी बीच में आई तो हिरेंद्र ने अपने हाथ में रखे फरसे से मार दिया। जिससे सिर पर चोट आई और खून निकल रहा है। शाम को भी आरोपी के द्वारा जमीन को मुझे दो नहीं तो मे तुम लोगों को जान से मारदूंगा बोलकर धमकी देकर गया था। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना नवागढ़ में धारा 109(1) बीएनएस कायम किया गया। घटना कारीत करना जुर्म स्वीकार किए से घटना में प्रयुक्त एक लोहे का फरसा को बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़ सहित स्टाफ का योगदान रहा।



पुलिस अभिरक्षा में आरोपी।

# नाबालिग को झांसा देकर अनाचार, आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

नाबालिक बालिका के साथ अनाचार करने वाला आरोपी को हरियाणा से पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। मामला नवागढ थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया था जिसकी सूचना रिपोर्ट पर 18 जून को थाना नवागढ़ में धारा 137 (2) पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। नाबालिक बालिका पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय जांजगीर विजय कुमार पैकरा के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी नवागढ़ निरीक्षक अशोक वैष्णव के नेतृत्व में सायबर तकनीकी के आधार पर आरोपी और अपहता पतासाजी हेतु टीम गुरुग्राम हरियाणा भेजा गया जहां से अपहता को आरोपी सुमित मनोहर के कब्जे से बरामद कर किया गया। आरोपी सुमित मनोहर को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर बताया को नाबालिक बालिका को शादी करने का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले जाकर अनाचार करना जुर्म स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही मे निरीक्षक अशोक वैष्णव थाना प्रभारी नवागढ़, महिला प्रधान आरक्षक स्वाती गिरोलकर, आरक्षक मुकेश कुमार राज, राजू कश्यप, संजय टंडन का योगदान रहा।

### 11वीं बटालियन पुटपुरा परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम

# वन महोत्सव के तहत 23 हेक्टेयर क्षेत्र में लगाए गए 25 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

वन महोत्सव कार्यक्रम के तहत 11वीं बटालियन पुटपुरा परिसर में 23 हेक्टेयर भूमि में 25 हजार 300 पौधे लगाए गए। कार्यक्रम के तहत कलेक्टर, डीएफओ, जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अन्य लोग लोग उपस्थित रहे।

वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार 18 जुलाई को 11वीं बटालियन पुटपुरा परिसर में वन महोत्सव कार्यक्रम-2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरि, कलेक्टर जन्मेजय महोबे, डीएफओ हिमांशु डोंगरे, कमांडेंट विमल बैस, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, श्रीमती उमा राजेन्द्र राठौर, ज्योति किशन कश्यप, अमर सुल्तानिया, आनंद मिरि, एसडीओ वन मंडल होरेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं उपवनमंडल अधिकारी, वनपरिक्षेत्र अधिकारी, अधिकारी-कर्मचारियों ने एक पेड़ माँ के नाम 2.0 अभियान के तहत पौधारोपण किया। कलेक्टर महोबे ने 11वीं बटालियन पुटपुरा में किये गये 23 हेक्टेयर में 25 हजार 300 पौधरोपण अभियान की सराहना की। कलेक्टर ने सभी नागरिकों से अपने आस-पास अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाने की अपील की। उन्होंने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान का उद्देश्य वृक्षारोपण एवं भावनात्मक जुड़ाव के माध्यम से प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी विकसित करना है। उन्होंने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल व निगरानी सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरि एवं जनप्रतिनिधियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने एवं उसकी देखभाल करने की अपील की। वनमंडलाधिकारी हिमांशु डोंगरे ने कहा कि 11वीं बटालियन पुटपुरा में 23 हेक्टेयर क्षेत्र में चरणबद्ध 25,300 पौधों का रोपण किया गया। उन्होंने सभी नागरिकों, स्वयं सेवी संगठनों, जनप्रतिनिधियों से पौधरोपण करने और उसकी देखभाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पौधरोपण से हम न केवल पर्यावरण को सुरक्षित करते हैं, बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ हवा और स्वस्थ वातावरण का उपहार देते हैं। इस अवसर पर नीम, सागौन, महोगनी, आम, अर्जुन, करंज, अशोक, आंवला सहित विभिन्न औषधीय एवं फलदार पौधे लगाये गये।



पौधरोपण करते अफसर व जनप्रतिनिधि।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई

ITI AKALTARA

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)

मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलोदा रोड, अकलतरा, (जांजगीर-चांपा)

89595-93946 • 89595-44444

फीचर इम्पैक्ट

ॐ

# भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग

भारती ग्रुप पिछले 28 वर्षो से विभिन्न संकायों का सफलतापूर्वक संचालन कर रहा है, हमारे संस्था से शिक्षा प्राप्त कर ज्यादातर विद्यार्थी छत्तीसगढ़ व अन्य राज्यों के साथ - साथ विदेशों में सरकारी एवं निजी संस्थानों में बड़े पद पर कार्यरत है, कई विद्यार्थी बड़े रूप में स्व रोजगार स्थापित कर लोगों को रोजगार प्रदान कर रहे है, जिससे हमारी संस्था के साथ - साथ अपने अभिभावकों का नाम गौरवान्वित कर रहे है, यही हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य है, जिसे निरंतर आगे बनाए रखेंगे इसी विश्वास के साथ...

विकसित छत्तीसगढ़ @2047 के लक्ष्य को पाने के लिए भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग शिक्षा, कौशल और नवाचार के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान कर, नये-नये पाठ्यक्रम संचलित कर युवाओ को उच्च-शिक्षा प्रदान कर रहा है। विद्यार्थियों को अपने ही राज्य में रहकर कम खर्च में अध्ययन करा रहें हैं, जिससे राज्य के विद्यार्थियों को स्व-रोजगार प्राप्त करने का नव-अवसर मिल रहा है और आगे मिलता रहेगा...

## - TOP RECRUITERS -

WIPRO LTD. · ASHOK L by LAYAM GROUP · JINDAL ELECTRICAL · HCL INFOSYSTEMS LTD · TATA CONSULTANCY SERVICES · L&T CONSTRUCTION · SUZUKI MOTORS · MAHINDRA & MAHINDRA LTD. · SUZLON ENERGY LTD. · BOC INDIA LTD. · DHOOT TRANSMISSIONS · ADVIK HIGH TECH Pvt. Ltd. · HIRA POWER & STEEL · MAINTEC TECHNOLOGIES · IDBI BANK LIMITED · JUST DIAL LIMITED



श्रीमती द्रौपदी मुर्मू - राष्ट्रपति भारत द्वारा पुरस्कृत करते हुये

**Advance Diploma in Industrial Safety**



इंडस्ट्रीयल सेफ्टी में डिप्लोमा कर रोजगार के नए अवसर

भारती विश्वविद्यालय मे बीए, बीकाम, बीएससी डिप्लोमा एवं पीजी कोर्स सेमेस्टर प्रणाली में संचालित किये जा रहे है। विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में कोर्सेस की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा निती 2020 के सिलेबस को जोड़कर कई नये विषयों मे स्नातक एवं पीजी सेमेस्टर प्रणाली से पढ़ाई प्रारंभ किया गया है। विद्यार्थीयों को सिलेबस के विस्तृत ज्ञान की प्राप्ति एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के उद्देश्य से इस सेमेस्टर पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया गया है। सेमेस्टर प्रणाली में अध्ययन से IAS, IPS, IES, IFS, IRS आदि अन्य सभी शासकीय परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करना सरल होता है।





## ADMISSION OPEN FOR THE SESSION 2025-26

### Law
- B.A. LLB
- LLM
- B.Com LLB
- LLB

### Pharmacy
- D. Pharma
- B. Pharma
- M. Pharma
- Ph. D.

### Engineering
(Full Time / Part Time)

M.Tech / B.Tech / Diploma • CSE • Civil • ET&T • Mechanical • Electrical Artificial • Intelligence & Machine Learning

### Journalism
- BAJMC
- MAJMC

### Library Science
- M.Lib • B.Lib • D. Lib

### Hotel Management
- BHM • MHM

### Education
- D.El.Ed. • B.Ed. • M.Ed.

### Film Making
- B.A. • M.A.

### Physical Education
- Bachelor of Physical Education andSports (B.P.E.S) Eligibility (10+2)
- Masters of Physical Education and Sports (M.P.E.S) Eligibility (B.P.E.S)

### Arts/Science/Commerce
- B.Sc / M.Sc (Forensic Science)
- BBA • MBA
  - Hospital Management
  - Financial Management
  - Marketing Management
  - Human Resource Management
- DCA • BCA • PGDCA
- B.A. (Hons)/M.A
  - English • Sociology • Psychology • Hindi • Sanskrit
  - Yoga • Political Science • History • Geography
  - Public Administration
- B.Com. (Hons) • M.Com. • DSW
- BSW • MSW • B.Stat • M.Stat
- BRS • MPH • MRS
- B.Sc (Hons) / M.Sc
  - Chemistry • Maths • Physics • Biotechnology
  - Botony • Zoology • Microbiology • Computer Science • IT • Home Science • Multimedia & Design
  - Animation & Visual Effects

### Diploma Courses (1year)
- Forensic Science
- Digital Marketing
- Yoga Science
- Nutrition & Dietetics
- Interior Design
- Multimedia & Graphic Animation
- Fashion Design
- Cyber Crime

**Ph. D. Available in all Subject**
प्रवेश हेतु आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 23.07.2025
website: www.bhartiunivercity.org

Afft. to Ayush University, Raipur
**BAMS** Bachelor of Ayurvedic Medicine and Surgery
**B.Sc (Nursing)**

Afft. to IGKV Raipur
**B.Tech. Agricultural**
**B.Sc. Agricultural**



**भारती विश्वविद्यालय** न केवल दुर्ग में, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ में **कानून व्यवस्था, न्यायिक प्रक्रिया और फॉरेंसिक अनुसंधान** के क्षेत्र में शिक्षा का एक मजबूत केंद्र बनकर उभरा है।

फोरेंसिक साइंस के क्षेत्र में जॉब के सबसे ज्यादा मांग हैं। बीएससी फोरेंसिक साइंस विद्यार्थीयों को देश- विदेश के फोरेंसिक शिक्षण संस्थानों में प्राध्यापक एवं फोरेंसिक एक्सपर्ट के रूप में कार्य कर रहें है। **फॉरेसिंक साइस की पढ़ाई करके स्टूडेंट्स फॉरेंसिक वैज्ञानिक, फॉरेंसिक विश्लेषक, फॉरेंसिक मनोवैज्ञानिक बनकर अपना कैरियर संवार सकते है।** सरकारी विभागों जैसे गृह विभाग, पुलिस, इंटेलिजेंस और क्राइम इन्वेस्टिगेशन से संबंधित अन्य एजेंसियों में फोरेंसिक साइंस का विशेष महत्व है। डिजिटल फॉरेंसिक, साइकोलॉजी, क्रिमिनोलॉजी और साइबर सिक्योरिटी जैसे समकालीन विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अल्पकालिक पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जो विद्याथियों को एक सशक्त कैरियर और रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं।

**· अत्याधुनिक प्रयोगशालाएँ· अनुभवी फैकल्टी एवं फील्ड एक्सपर्ट्स · इंटर्नशिप व लाइव प्रोजेक्ट्स के अवसर · सरकारी और निजी क्षेत्रों में प्लेसमेंट की सुविधा**

देश का आपराधिक न्याय तंत्र आज **एविडेंस-बेस्ड प्रणाली** की ओर अग्रसर है। हाल ही में लागू हुये तीन नये आपराधिक कानूनों के तहत **सात साल से अधिक सज़ा वाले अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य** कर दी गई है। इससे फॉरेंसिक साइंस के क्षेत्र में प्रशिक्षित युवाओं की मांग और अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

**भारती विश्वविद्यालय, दुर्ग** इस क्षेत्र में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक अनुभव प्रदान कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर कर रहा है।

**फॉरेंसिक से जुड़े अपने सपनों को दीजिए एक नई उड़ान।**

**समाज में एक मजबुत व्यवस्था का निर्माण, जिससे न्याय और शांति की नीव रखी जाएगी**

**लॉ (कानून)** - लॉ एजुकेशन में विद्यार्थियों का रुझान एवं राज्य में इस शिक्षा की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए लॉ संकाय में बीए एलएलबी, बीकॉम एलएलबी, एलएलबी एवं एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिये इंटीग्रेटेड लॉ 5 वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु शैक्षणिक योग्यता 12वीं उत्तीर्ण, एलएलबी में प्रवेश के लिए किसी भी संकाय में स्नातक एवं एलएलएम में प्रवेश के लिए एलएलबी उत्तीर्ण होना आवश्यक है। लॉ की पढ़ाई के बाद अपने कैरियर बनाने के कई विकल्प मौजूद हैं वकालत, न्यायाधीश, कानूनी सलाहकार बनने के साथ ही कॉर्पोरेट सेक्टर से संबंधित बैंकों, वित्तीय सेवा विभाग, वित्त और लेखा विभाग, पर्यटन उद्योग, मानव संसाधन विभाग, इंवेस्टमेंट बैंकिंग जैसे सेक्टर में अपार संभावनाएं हैं।

## ज्ञान, कौशल और सफलता की कुंजी इंजीनियरिंग

**हमारे छत्तीसगढ राज्य में भारत की पहली सेमीकंडक्टर चिप निर्माण कंपनी पॉलीमेटेक इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड एवं बड़ी बड़ी कम्पनियो के निवेश से तकनीकी क्षेत्र मे अध्ययन कर रहे विद्यार्थियो को राज्य में ही रोजगार के नया अवसर प्राप्त होगा।**

एआईसीटीई से बीटेक एवं पॉलीटेक्निक पार्टटाइम कोर्स में प्रवेश की अनुमति प्राप्त की है। इस पार्टटाइम कोर्स के प्रारंभ होने से छत्तीसगढ़ में कार्यरत शासकीय एवं निजी क्षेत्रो पर कार्यरत प्रशिक्षार्थियों के लिये बहुत लाभकारी होगा। पॉलीटेक्रीक उत्तीर्ण प्रशिक्षु इंजीनियरिंग में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर ब्रांच में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षु डिप्लोमा पॉलीटेक्नीक में इलेक्ट्रीकल, सिविल, मेनिकल, कम्प्यूटर में प्रवेश प्राप्त कर सकते है। इस प्रकार प्रशिक्षु अपने कार्यरत विभाग में पदोन्नति का अवसर प्राप्त कर निरंतर विकास की ओर अग्रसर हो सकते है।

**फूड एंड न्यूट्रीशन कोर्स कर सफल टाईटिशियन बनें**

दो वर्षीय एवं डिप्लोमा न्यूट्रिशन एक वर्षीय एंड डाइटेटिक्स कोर्स सुचारु रुप से संचालित है इस विषय में प्रवेश हेतु आवश्यक शैक्षणिक योग्यता 12वीं बायोलॉजी जीव विज्ञान, गणित विषय के साथ उत्तीर्ण होना अनिवार्य है एवं एमएससी के लिए बीएससी होम साइंस बीएससी फूड एंड न्यूट्रिशन इत्यादि उत्तीर्ण होना आवश्यक है। जिसके अंतर्गत लिक्विड एवं सॉफ्ट डाइट, थेरेपिटिक डाइट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विषय के माध्यम से विद्यार्थी अपना भविष्य सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्र में फूड इंस्पेक्टर, हेल्थ साइंस, डाइटिशियन, न्यूट्रीशनिस्ट, फूड रिसर्चर इत्यादि में बना सकते हैं।



**62322-21101 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07**

www.bhartiuniversity.org · bhartiuniversity.in@gmail.com

SCAN ME

### खबर संक्षेप

## एकजुट होकर समाज के विकास में निभाएं भागीदारी : रजक



**अकलतरा।** रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक के नगर पंचायत नरियरा आगमन पर समाज के लोगों ने गाजे-बाजे और आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया। सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में उन्हें शॉल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रहलाद रजक ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन से उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसका उपयोग वे समान के उत्थान में करेंगे। उन्होंने संत गाडगे बाबा के आदर्शों को याद करते हुए युवाओं से एकजुट होकर समाज के विकास में भागीदारी निभाने की अपील की। इस दौरान सांसद कमलेश जांगड़े ने नरियरा में समान के सामुदायिक भवन के निर्माण की घोषणा सांसद निधि से की। साथ ही, लोकनारायण निर्मलकर ने 20 जुलाई को बिलासपुर सिम्स ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले रजक युवा गाडगे सेना के कार्यक्रम की जानकारी दी और समाज के लोगों से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में प्यारेलाल बरेठ, पार्षद ध्रुव बरेठ, कांतिलाल निर्मलकर, कोमल बरेठ, राजेन्द्र निर्मलकर, रमेश निर्मलकर, राजाराम सिहानी सहित समाज के अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेता सहायक शिक्षिका सम्मानित



**चांपा।** जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड बम्हनीडीह में पोस्ट ऑफ द मंथ के विजेता शासकीय प्राथमिक शाला सोंठी की सहायक शिक्षिका ममता जायसवाल को बीईओ रत्ना थवाईत, बीआरसी हिरेंद्र बेहार एवं विनोबा एप के जिला समन्वयक भूपेंद्र चंद्रा द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला रोहदी के प्रधान पाठक गुलजार बरेठ का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर बीईओ ने कहा कि विनोबा ऐप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यो की पहचान और सराहना होती है। शिक्षक विद्यालयीन गतिविधियों को एक दूसरे के साथ साझा करते है जिससे शिक्षकों को प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम को बीआरसी हीरेन्द्र बेहार ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सुशील शर्मा, शिवप्रकाश जायसवाल, राजेश कश्यप, ज्योति राठौर, शशिबाला सिंह, अर्चना वैष्णव, मालती पटेल उपस्थित थे ।

## दो सालों से बंद रायपुर-गेवरा रोड मेमू का संचालन प्रारंभ



**अकलतरा।** विगत दो सालों से बंद पड़ी ट्रेन नंबर 68746/68745 रायपुर गेवरा रोड रायपुर मेमू ट्रेन का रेल प्रबंधन के द्वारा फिर से परिचालन प्रारंभ किया गया है। रायपुर गेवरा रोड मेमू लोकल के अकलतरा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर रेल रेल संघर्ष समिति के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, सदस्य नवल केडिया एवं रसीद सौदागर सहित सदस्यों के द्वारा ट्रेन के पायलट ए के गुप्ता का पुष्प मालाओं द्वारा स्वागत किया गया। रेल संघर्ष समिति के सदस्यों ने बताया कि रायपुर गेवरा रोड मेमू लोकल के बंद होने पर रेल यात्रियों को होने वाली असुविधाओं को लेकर कई बार रेल प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर जल्द से जल्द इसे प्रारंभ करने की मांग की गई थी। इस ट्रेन के पुनः प्रारंभ होने से प्रतिदिन अप डाउन करने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी। इस ट्रेन का अकलतरा रेलवे स्टेशन में कोरबा तरफ जाने का समय सायं 5:39 एवं बिलासपूर तरफ जाने का समय सुबह 7:30 बजे करीब है।

## मुक्तिधाम में लगाए बरगद व पीपल के पौधे

**राहौद।** छत्तीसगढ़ अठोरिया यादव समाज के सहसचिव व युवा भाजपा नेता कुमार यादव ने अपनी धर्मपत्नी के साथ एक पेड़ मां के नाम पर



नगर के मुक्तिधाम में बरगद व पीपल का छायादार पौधे का रोपण किया। श्री यादव ने कहा कि वृक्षारोपण करना एक पुनीत कार्य है। यह वृक्षारोपण एक पेड़ मां के नाम पर समर्पित है। यह वृक्ष ही नहीं बल्कि विशाल वट वृक्ष के रूप में पर्यावरण को शुशोभित करेगी। वहीं स्वच्छ वातावरण व शुद्ध आक्सीजन में बढ़ोतरी होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान व एक पेड़ मां के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति, परिवार को साथ मिलकर इस मुहिम को आगे बढ़ाना चाहिए।

### बेहतर पुलिसिंग के लिए निर्देशित करते हुए किया प्रोत्साहित

# आईजी ने पुलिस लाइन एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का किया निरीक्षण, लगाया दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आईजी डॉ. संजीव शुक्ला ने पुलिस लाइन जांजगीर एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया। इसके बाद दरबार लगाकर पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों की समस्याओं को सुना। उन्होंने बेहतर पुलिसिंग के लिए निर्देशित करते हुए प्रोत्साहित किया। इसके उपरांत जिले के सड़क सुरक्षा मितानों का सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए।

शुक्रवार 18 जुलाई को पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला के द्वारा वार्षिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा रक्षित केंद्र में परेड की सलामी ली गई। तत्पश्चात परेड का निरीक्षण किये। परेड निरीक्षण में पुलिस महानिरीक्षक द्वारा प्रत्येक अधि/कर्म. के टर्नआउट का निरीक्षण एवं टोलीवार परेड कराया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले को नगद पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया गया। इसके बाद रक्षित केन्द्र जांजगीर में जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु पुलिस दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक द्वारा अधिकारियो कर्मचारियों से रूबरू हुए एवं उनकी समस्याओं के निराकरण करने आश्वासन दिसर। साथ ही थाना-चौकी में पदस्थ अधि/कर्म को थाना में आने वाले पीड़ितों एवं शिकायतकर्ताओं की समस्याओं का उचित निराकरण एवं अच्छा व्यवहार करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा पुलिस सम्मेलन के पश्चात रक्षित केन्द्र के समस्त शाखाओं का निरीक्षण किया गया, जिसमें वाहन शाखा एवं सभी वाहनों तथा दस्तावेजों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। स्टोर शाखा का निरीक्षण कर उपब्ध समाग्रियो का सही तरिके से रख रखाव करने एवं उसके सही समय पर वितरण करने हेतु निर्देशित किया गया। इसी प्रकार आर्म्स शाखा का भी निरीक्षण कर हथियारों को सुरक्षित रखने तथा नियमित रूप से साफ सफाई करने के निर्देश दिये गयें। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक कार्यालय का भी निरीक्षण किया गया जिसमें कार्यालय के समस्त शाखाओं का निरीक्षण कर शाखाओं के कार्यो की जानकारी ली। निरीक्षण कार्यक्रम दौरान पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, अति. पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार, डीएसपी अजाक जितेन्द्र खुंटे, एसडीओपी चाम्पा यदुमणि सिदार, डीएसपी मुख्यालय विजय पैकरा, एसडीओपी जांजगीर प्रदीप कुमार सोरी, डीएसपी श्रीमती सत्यकला रामटेके, रक्षित निरीक्षक प्रदीप कुमार जोशी तथा थाना एवं चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे।



दरबार लगाकर पुलिसकर्मियों की समस्या सुनते आईजी डॉक्टर संजीव शुक्ला, साथ में एसपी विजय पांडेय।

### पुलिस महानिरीक्षक ने किया एंबुलेंस संचालक व टीम का सम्मान

**अकलतरा।** पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला के द्वारा नगर में संचालित जय मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू और उनकी टीम का सम्मान किया गया। विदित हो कि जय मां कर्मा एम्बुलेंस के संचालक पारस साहू द्वारा नगर एवं क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में दुर्घटना घटने पर घायलों को त्वरित रुप से हास्पीटल पहुंचाया जाता है जिससे लोगों की जान बचाना संभव हो जाता है। उन्होंने अब तक सैकड़ों लोगो को हास्पीटल समय पर पहुंचाया है और लोगों



की जान बचाई है । अकलतरा क्षेत्र में रोड एक्सीडेंट, ट्रेन एक्सीडेंट और डेडबॉडी सहित अन्य केस को निःशुल्क हॉस्पिटल पहुंचाने जैसे नेक काम के लिए जय मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू एवं उनके टीम के सदस्य भुवनेश्वर साहू, राजू साहू सीताराम साहू और दीपक साहू को पुलिस महानिरीक्षक संजीव शुक्ला के द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान से उनकी पूरी टीम एवं नगरवासियो में हर्ष और खुशी है।

## व्यापम की परीक्षा में शामिल होने दो घंटे पहले पहुंचना होगा केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

▪ कलेक्टर ने व्यापम द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने दिए निर्देश

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आगामी परीक्षाओं के लिए परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश और परीक्षा के दौरान अपनाए जाने वाले दिशा-निर्देशों के संबंध में जरूरी जानकारी जारी की गई है। परीक्षा में पारदर्शिता और सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के लिए परीक्षा केंद्रों पर सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिनका उल्लंघन करने पर अभ्यर्थी की परीक्षा निरस्त की जा सकती है।

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर द्वारा 27 जुलाई को आयोजित होने वाले आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा सहित अन्य सभी परीक्षाओं में जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए है। परीक्षार्थियों को व्यापम द्वारा आयोजित परीक्षा में परीक्षा शुरू होने के कम से कम दो घंटे पहले परीक्षा केन्द्र में पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि फ्रिस्किंग और पहचान पत्र का सत्यापन समय रहते पूरा किया जा सके। परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार परीक्षा शुरू होने के 15 मिनट पहले बंद कर दिया जाएगा, अतः समय का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। परीक्षा में शामिल होने के लिए परीक्षार्थियों को हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनने और फुटवियर के रूप में चप्पल पहनने की सलाह दी गई है। कान में किसी प्रकार का आभूषण, बेल्ट, टोपी, पर्स, स्कार्फ, पाउच जैसी सामग्री पूरी तरह वर्जित हैं। संचार उपकरण, मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, कैलकुलेटर आदि परीक्षा कक्ष में बिल्कुल भी नहीं लाए जा सकेंगे। प्रवेश पत्र के सभी पृष्ठों का प्रिंट आउट (सिर्फ एक तरफ प्रिंट किया हुआ) लाना अनिवार्य होगा, क्योंकि प्रत्येक परीक्षा हेतु व्यापम की प्रति परीक्षा केंद्र में जमा हो जाएगी। प्रवेश पत्र के साथ मूल फोटो युक्त पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, पेन कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस में से कोई एक अनिवार्य रूप से साथ लाना होगा। बिना पहचान पत्र के परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र में फोटो नहीं दिख रहा है तो दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो भी साथ लाना होगा। परीक्षा कक्ष में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन से उत्तर अंकित करने की अनुमति होगी। परीक्षा प्रारंभ और समाप्ति के आधा-आधा घंटे के भीतर परीक्षा कक्ष से बाहर जाना प्रतिबंधित रहेगा। व्यापम ने स्पष्ट किया है कि प्रवेश पत्र को सुरक्षित रखना जरूरी है, क्योंकि चयन या प्रवेश के समय उसकी आवश्यकता होती है, और परीक्षा मण्डल द्वारा पुनः प्रवेश पत्र जारी नहीं किया जाएगा।

# बिजली बिल में वृद्धि को लेकर किया विद्युत कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डभरा

अघोषित बिजली कटौती, बिजली बिल में वृद्धि को लेकर कांग्रेसियों ने बिजली ऑफिस का घेराव करते हुए सरकार विरोध में नारेबाजी किए और ज्ञापन सौंपा। नगर पंचायत डभरा स्थित बिजली ऑफिस का कांग्रेसियों ने शुक्रवार 18 जुलाई को घेराव कर दिया।

कांग्रेसियों ने कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से बिजली बिल अधिक दिया जा रहा है। साथ ही अघोषित बिजली कटौती हो रही है, जिससे उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। इस सबको लेकर शासकीय महाविद्यालय रोड स्थित बिजली ऑफिस के पास धीरे धीरे कांग्रेसी उपस्थित होने लगे, जिसकी भनक लगते ही बिजली ऑफिस वालों मेन गेट को बंद कर दिया। इस दौरान डभरा थाना प्रभारी भी दल बल के साथ मौके पर पहुंच गए। इस दौरान भारी बारिश हो रही थी भीगते पानी में कांग्रेसियों ने सरकार और बिजली विभाग के विरोध में जमकर नारेबाजी किया और तहसीदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पारस यादव, जिला पंचायत सदस्य गण सरोज डनसेना, शांति ताराचंद साहू, युवक कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष प्रताप चंद्रा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रईस किंग खूंटे, दीनानाथ श्रीवास, तुलसी देवी साहू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।



विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपते कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

### सभी पंचायतों में चलाया जाएगा पौधरोपण महाअभियान

**डभरा।** जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायतों में 25 जुलाई को वृक्षारोपण महा अभियान कार्यक्रम एक पेंड मां के नाम 2.0 अंतर्गत वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया जाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक स्वीकृत समस्त हितग्राहियों के पुर्ण आवासों एवं समस्त महिला समूहों के सदस्यों के घर के आंगन में मां के नाम से फलदार वृक्ष जैसे आम, जामुन,नींबू, पपीता, आंवला आदी पेंड लगाया जाना है।

## जिला पंचायत सीईओ ने किया सीसी रोड व आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण



**मालखरौदा।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन 17 जुलाई को सुबह 11 बजे के लगभग जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंदोरा में औचक निरीक्षण में पहुंचे। उन्होंने गांव में चल रहे सीसी रोड निर्माण कार्य, डीबीएम सडक निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इसके अलावा गांव के सामुदायिक शौचालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं ग्राम पंचायत भवन का निरीक्षण किया तथा सभी जगह के कार्यों पर संतुष्टि जाहिर की। इस अवसर पर गांव के सरपंच नवधा लालू वर्मा ने जहां पंचायत भवन पहुंचने पर गुलदस्ता कर उनका स्वागत किया। इसके अलावा गांव के महिला पंच तथा सचिव ने भी जिला पंचायत सीईओ का स्वागत किया। जनपद पंचायत मालखरौदा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कश्यप ग्रामीण तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# स्वच्छता कर्मियों का नमस्ते दिवस पर पालिका ने किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को समर्थन देते हुए चांपा नगर पालिका परिषद ने नमस्ते दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर सफाई कर्मी, स्वच्छता दीदी और सिवरेज टैंक की सफाई करने वाले कर्मचारियों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने की। उन्होंने नमस्ते दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि यह दिवस सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि उन कर्मवीरों को धन्यवाद कहने का अवसर है जो शहर को स्वच्छ रखने में दिन-रात मेहनत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान सफाई कर्मियों को सुरक्षा उपकरणों के उपयोग, पीपीई किट, हेलमेट, दस्ताने और अन्य सुरक्षात्मक साधनों के प्रयोग के प्रति जागरूक किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भोला सिंह ठाकुर ने केंद्र सरकार की योजनाओं के अंतर्गत सफाई कर्मियों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने बताया कि पालिका की ओर से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि हर सफाई कर्मी को आवश्यक सुरक्षा संसाधन उपलब्ध कराया जाए। कार्यक्रम में पार्षद महेंद्र तिवारी, टीकम कंसारी, पुरुषोत्तम देवांगन, दुर्गा कुर्रे, अनिल रात्रे, श्रीमती विनीता किशोर मोदी, भगवन्तों साहू, पवन साहू, परदेशी केवट, मोनी मिश्रा, गिरधर देवांगन, संतोष देवांगन, कार्यपालन अभियंता योगेश राठौर, चैतराम डिंडोर सहित पालिका कर्मचारी मौजूद थे।




